Regarding extension of services of Tata Nagar ? Thawe Express up to Gorakhpur Cantt.-laid

श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशन (गोरखपुर) : गाड़ी संख्या 18181/18182 टाटानगर - थावे एक्सप्रेस (सप्ताह में चार दिन) के रैक की थावे रेलवे स्टेशन पर खड़े रहने की अवधि 16:55 घंटे है । उक्त ट्रेन का रूट विस्तार थावे से पडरौना, तमकुही रोड, कप्तानगंज पर ठहराव देते हुए गोरखपुर कैंट तक किया जाए जिससे गोरखपुर से लौहनगरी जमशेदपुर के बीच समर्पित रेल सेवा का लाभ जमशेदपुर में रह रहे हमारे पूर्वांचली भाईयों एवं बहनों को मिल सके । वर्तमान में गोरखपुर से टाटानगर के बीच गाड़ी संख्या 15021/15022 गोरखपुर - शालीमार साप्ताहिक एक्सप्रेस की एकमात्र रेल सेवा उपलब्ध है । अतः मैं माननीय रेल मंत्री जी से गाड़ी संख्या 18181/18182 टाटानगर - थावे एक्सप्रेस के गोरखपुर कैंट तक रूट विस्तार करने का आग्रह करता हूँ जिससे गोरखपुर से टाटानगर के बीच सप्ताह में पांच दिन की रेल सेवा का लाभ रेल यात्रियों को मिलेगा ।